| 2. यदि उपर्युक्त खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार रिम्स के न्यरो विभाग में मरीजों के लिए बेड की संख्या बढ़ाने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों ? | रिम्स, राँची में बेड की संख्या बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। निकट भविष्य में बेड की संख्या बढ़ाई जा सकेगी। |

झारखण्ड सरकार
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

ज्ञापांकः-11/रिम्स (वि0 स0)-05-07/2021स्वा0- 361(11) /राँची, दिनांकः- 04/09/2021

प्रतिलिपिः-अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय, को उनके ज्ञाप सं0 1906/वि0स0 दिनांक-30.08.2021 के आलोक में 200 प्रतियों में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के उप सचिव।

श्री नीलकंठ सिंह मुण्डा, माननीय स0वि0स0 द्वारा दिनांक–07.09.2021 को पूछे जाने वाला अल्पसूचित प्रश्न सं0–अ0सू0–12 का उत्तर।

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 1.क्या यह बात सही है कि राज्य में 84,700 हेक्टेयर वन भूमि सीमांकित क्षेत्र है जिन्हें अभी तक अधिसूचित नहीं किया गया है, | राज्य के अतर्गत ऐसी वन भूमि जो सीमांकित है परन्तु अधिसूचित नही है, से संबंधित वनों के डाटा संग्रहण एवं सत्यापन का कार्य चल रहा है। अभी तक की स्थिति के अनुसार 90,823 हे0 वन भूमि ऐसी पायी गई है। |
| 2.क्या यह बात सही है कि राज्य के 747 गाँव के नक्शे को वन बंदोबस्ती पदाधिकारी या वन प्रमंडल पदाधिकारी द्वारा सत्यापित नहीं किया गया है, | वन बंदोबस्ती कार्य पूर्ण होने के बाद वन भूमि के नक्शे वन बंदोबस्ती पदाधिकारी तथा वन प्रमंडल पदाधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित कर सत्यापित किये जाने थे, परन्तु कुछ ऐसे मामले संज्ञान में आये हैं जिनमें नक्शे पर उपर्युक्त पदाधिकारियों के हस्ताक्षर नहीं है। विभाग का मानना है कि वन बंदोबस्ती का कार्य 1955–67 के बीच संपन्न किया गया था तथा इस हेतु नियुक्त वन बंदोबस्ती पदाधिकारियों द्वारा कार्य अचानक बंद कर दिये जाने के कारण संभवतः ऐसा हुआ। |
| 3.क्या यह बात सही है कि जमाबंदी नक्शों पर वन भूमि का सीमांकन कार्य नहीं होने के कारण वन भूमि का अनाधिकृत खरीद और बिक्री हो रही है, | वन भूमि की अनाधिकृत खरीद और बिक्री रोकने के लिए वन भूमि की विवरणी राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग की निगेटिव लिस्ट में शामिल करने हेतु संबंधित जिले के उपायुक्त को वन प्रमंडल पदाधिकारियों द्वारा उपलब्ध करायी गयी है। |
| 4.यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार राज्य के 84,700 हेक्टेयर भूमि को अधिसूचित करके 747 गाँवों के नक्शे को सत्यापित करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक नहीं तो क्यों ? | वन भूमि से संबंधित सभी प्रकार के मामलों की समीक्षा हेतु संबंधित क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक की अध्यक्षता में समिति गठित की गई है जो इन मामलों की गहन समीक्षा कर रही है। पूरे राज्य की वनभूमि का मामला है और अभिलेख काफी पुराने हैं (लगभग 60–70 वर्ष पूर्व के) इस जटिलता को ध्यान में रखकर ही सभी जिलों के अपर समाहर्त्ता एवं बंदोबस्ती पदाधिकारियों को भी इस समिति में रखा गया है ताकि राजस्व विभाग के अभिलेखों से भी समन्वय हो सके। कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। |

झारखण्ड सरकार
वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

ज्ञापांक–5/वि0स0 अल्पसूचित प्रश्न–126/2021– 2568 व0प0, दिनांक– 06.09.2021

प्रतिलिपि–उप सचिव, झारखण्ड विधानसभा, राँची को उनके ज्ञाप सं0–1909, दिनांक–30.08.2021 के प्रसंग में अतिरिक्त 200 प्रतियों के साथ/उप सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी (संसदीय कार्य) विभाग, झारखण्ड, राँची/माननीय मुख्यमंत्री के आप्त सचिव, झारखण्ड सरकार/उप सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(अमर कुमार सिंह)
सरकार के अवर सचिव

श्री विनोद कुमार सिंह, माननीय स0वि0स0 द्वारा पूछा गया अल्प–सूचित प्रश्न संख्या–अ0सू0–4 का उत्तर प्रतिवेदन।

| क्र0 | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 1. | क्या यह बात सही है कि राज्य में कोविड संक्रमण और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा के अभाव में 5131 की घोषित रूप से एवं अघोषित रूप से 20 हजार से ज्यादा नागरिकों की मौत हुई ; | कोरोना महामारी के Wave-1 तथा Wave-2 दोनों काल में राज्यान्तर्गत सभी जिलों से प्रतिवेदित अभी तक कुल 5132 व्यक्तियों की मृत्यु कोरोना संक्रमण से हुई है। |
| 2. | क्या यह बात सही है कि राज्य के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सक व सुविधा का घोर अभाव है, साथ ही मृतक के आश्रितों को अबतक कोई मुआवजा की घोषणा नही हुई. | राज्य के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सक नियुक्त हैं। चिकित्सकों की कमी को दूर करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी चिकित्सकों की नियुक्ति की गयी है एवं पुनः विज्ञापन सं0 01/2021/HRHMS-SMO/MO दिनांक 16.08.2021 द्वारा नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। |
| 3. | यदि उपर्युक्त खण्डो के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार मृतकों के आश्रितों को मुआवजा देने व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को दुरूस्त करने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों? | राज्य के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को दुरूस्त करने के लिए प्रयास किया जा रहा है। इमरजेंसी कोविड रिस्पॉस प्लान (ECRP Phase-II) के अन्तर्गत बजट का प्रावधान किया गया है। इसके आधार पर PHC Infrastructure को सुदृढ़ करने के लिए कार्रवाई की जा रही है। साथ ही साथ चिकित्सकों की कमी को दूर करने के लिए राज्य स्तर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं विभाग स्तर पर नियुक्ति प्रक्रिया जारी है। जिलान्तर्गत रिक्त पदों को उच्च प्राथमिकता देते हुए अविलम्ब भरने की प्रक्रिया पूर्ण करने का निदेश दिया गया है। |

झारखण्ड सरकार
स्वास्थ्य चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

ज्ञाप सं0 : 21/वि0स0–06–15/2021.59(21) राँची, दिनांक– 04/09/2021

प्रतिलिपि : उप सचिव, झारखण्ड विधान सभा, राँची को उनके ज्ञापांक–1786 वि0स0, दिनांक 26.08.2021 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के उप सचिव।

jully kumari

पंचम झारखण्ड विधान सभा का षष्टम (मानसून) सत्र (38) में दिनांक 07.09.2021 को प्रो० स्टीफन मराण्डी, माननीय स०वि०स० द्वारा पूछा जाने वाला अल्प–सूचित प्रश्न सं० अ०सू०–20 का उत्तर प्रतिवेदन।

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 1. क्या यह बात सही है कि निम्नतर पद से उच्चतर पद पर कार्यकारी व्यवस्था के तहत् प्रभार देने के पूर्व वरीयता सह योग्यता अथवा लागू सम्वर्गीय नियमावली के क्रम में निर्धारित अर्हता पदाधिकारियों की सूची बनाते हुए आरक्षण नीति का अक्षरशः अनुपालन करना अनिवार्य है ; | – स्वीकारात्मक |
| 2. क्या यह बात सही है कि इस संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा अपने पत्र संख्या–442 दिनांक 25.01.2006 में दिशा निर्देश भी जारी की थी; | – स्वीकारात्मक |
| 3. क्या यह बात सही है कि उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अन्तर्गत शिक्षण संस्थान में आरक्षण के अनुरूप एक भी अनुसूचित जाति के शिक्षक को प्रभारी प्राचार्य के रूप में प्रतिनियुक्त नहीं किया गया है; | – अस्वीकारात्मक<br>वर्तमान में दो अनुसूचित जाति (श्री सत्यदेव राम–राजकीय महिला पोलिटेकनिक, बोकारो एवं श्री राजेश कुमार, राजकीय पोलिटेकनिक, कोडरमा) के व्याख्याता प्रभारी प्राचार्य के रूप में पदस्थापित हैं। |
| 4. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार निम्नतर पद से उच्चतर पद के प्रभार में की गई प्रतिनियुक्ति की समीक्षा करते हुए अनुसूचित जाति के शिक्षक को आरक्षण के तहत उच्चतर पद का प्रभार दिलाने का इरादा रखती है, यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ? | – उक्त के आलोक में प्रश्न नहीं उठता है। |

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग
नेपालहाऊस, डोरण्डा, राँची

ज्ञापांक– HTESDsec1/VIDHAN SABHA - 4/2021- — 862 /राँची, दिनांक– 04.09.2021

प्रतिलिपि :–अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय को उनके ज्ञापांक 1965 दिनांक 31.08.2021 के आलोक में 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

4/9/2021

(सरकार के अवर सचिव)

(34)

**श्रीमती ममता देवी, माननीय सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक–07.09.2021 को पूछे जाने वाले अल्पसूचित प्रश्न संख्या–अ०सू०–29 का उत्तर –**

| क्र० | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 1 | क्या यह बात सही है कि रामगढ़ जिला मुख्यालय थाना चौक के नजदीक दामोदर नदी के किनारे राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की प्रतिमा विधि विधान से स्थापित की गयी है, जहाँ आमजनों द्वारा वर्षों से बापू की याद में एक म्यूजियम एवं पार्क बनाये जाने तथा अब्दुल कलाम आजाद के नाम पर एक पुस्तकालय बनाये जाने की माँग की जाती रही है; | आंशिक स्वीकारात्मक है।<br>प्रश्नगत क्षेत्र छावनी परिषद, रामगढ़ के क्षेत्राधिकार में आता है। मुख्य अधिशासी अधिकारी, छावनी परिषद, रामगढ़ के पत्रांक–B/VIII/Gen/ दिनांक–06.09.2021 द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रश्नगत क्षेत्र में म्यूजियम, पार्क एवं पुस्तकालय बनाये जाने की मांग कभी उनके कार्यालय से नहीं की गयी है। |
| 2 | यदि उपर्युक्त खण्ड के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार व्यापक लोक हित में खण्ड–01 में वर्णित स्थल पर म्यूजियम एवं पुस्तकालय का निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों? | नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड द्वारा उक्त प्रश्न में अंकित विषयवस्तु के संबंध में उपायुक्त, रामगढ़ से एक प्रतिवेदन की मांग की जा रही है। उपायुक्त, रामगढ़ से प्रतिवेदन प्राप्त होने पर यथोचित निर्णय लिया जाएगा। |

झारखण्ड सरकार
नगर विकास एवं आवास विभाग

ज्ञापांक:–05/न०वि०/वि०स० अल्प सूचित–08/2021 2747 राँची, दिनांक :– 06/09/21

प्रतिलिपि:–उप सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय का ज्ञाप सं०प्र०–2002 वि०स० दिनांक–02.09.2021 के आलोक में उत्तर सामग्री की 200 (दो सौ) प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

06/9/2021
सरकार के अवर सचिव।

(40)

1645
05/09/2021

| श्रीमती सीता सोरेन, मा०स०वि०स० से प्राप्त अल्प सूचित प्रश्न संख्या–अ०सू०–02<br>क्या माननीय मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि– | | |
|---|---|---|
| क्रमांक | प्रश्न | उत्तर |
| 1 | क्या यह बात सही है कि सरकार कैबिनेट की बैठक में JSSC की प्रतियोगिता परीक्षाओं में क्षेत्रीय भाषा का ज्ञान होना अभ्यर्थियों के लिए जरूरी कर दिया गया है, | उत्तर आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है। कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग की अधिसूचना संख्या 418 दिनांक 10.08.2021 द्वारा झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग परीक्षा (स्नातक स्तर), संचालन (संशोधन) नियमावली, 2021 में इस तरह के प्रावधान किये गये हैं। |
| 2 | क्या यह बात सही है कि राज्य के क्षेत्रीय भाषाओं की पढ़ाई प्रारंभिक कक्षा से लेकर विश्वविद्यालय तक नियमित रूप से नहीं होती है, | स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा प्रारम्भिक एवं माध्यमिक (+2 विद्यालयों) में राज्य के जनजातीय या क्षेत्रीय भाषाओं की पढ़ाई सुनिश्चित करने के लिये निम्न व्यवस्था की गयी है –<br>1. राज्य के प्रारम्भिक विद्यालयों में शिक्षक पद पर नियुक्ति के अर्हत्ता के रूप में झारखण्ड शिक्षक पात्रता परीक्षा (JTET) में द्वितीय भाषा के रूप में राज्य के 01 जनजातीय भाषा की परीक्षा अनिवार्य की गयी है, ताकि भाषा के जानकार शिक्षक नियुक्त हो सकें।<br>2. राज्य में समग्र शिक्षा अभियान (तत्काल समय में सर्व शिक्षा अभियान) के तहत् लगभग 60 हजार पारा शिक्षकों द्वारा पठन–पाठन का कार्य संपादन किया जाता है। ये सभी पारा शिक्षक अपने पंचायत/प्रखण्ड/जिला में शिक्षण कार्य करते हैं तथा स्थानीय होने के कारण ये उस भाषा के जानकार होते हैं तथा इन शिक्षकों के माध्यम से भी क्षेत्रीय भाषा के माध्यम से शिक्षा देने का प्रयास किया जा रहा है।<br>3. प्रारम्भिक विद्यालय के शिक्षकों का संवर्ग भी जिलास्तरीय होता है और जिला स्तर पर नियुक्ति होने के कारण संबंधित क्षेत्रीय/जनजातीय भाषा के जानकार शिक्षक का ही जिलान्तर्गत पदस्थापन होता है। इस प्रकार भी प्रारम्भिक विद्यालय के छात्रों को जनजातीय भाषा के माध्यम से प्रारम्भिक शिक्षा प्राप्त करने में सहूलियत होती है।<br>**माध्यमिक विद्यालयों** में जनजातीय/क्षेत्रीय भाषा की शिक्षा दी जा सके, इस हेतु क्षेत्रीय/जनजातीय भाषाओं के शिक्षकों की आवश्यकता के अनुरूप नियुक्ति की व्यवस्था की गयी है। माध्यमिक विद्यालय हेतु निर्धारित मानक में भाषा के 04 पद प्रत्येक विद्यालय में स्वीकृत किये गये हैं। हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू, फारसी, अरबी, बंगला, उड़िया, संथाली, हो, मुंडारी, कुडुख एवं राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित सभी क्षेत्रीय भाषाओं सहित में से नियमानुसार 04 भाषाओं (जनजातीय भाषा सहित) का चयन विद्यालय की प्रबंध समिति अपने क्षेत्र की आवश्यकतानुसार कर सकती है। माध्यमिक विद्यालयों में अभी तक 466 |

| | | |
|---|---|---|
| | | क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषा के शिक्षक नियुक्त हो कार्य कर रहे हैं।<br>राज्य में जो भी +2 विद्यालय हैं, वे सभी उच्च विद्यालय से उत्क्रमित किये गये हैं तथा उच्च विद्यालय के शिक्षकों से +2 विद्यालय का पठन–पाठन का कार्य भी लिया जाता है तथा उच्च विद्यालय के शिक्षक (जनजातीय/क्षेत्रीय भाषा के शिक्षक) सहित +2 विद्यालय में पठन–पाठन का कार्य करते हैं तथा इसी कारण से +2 विद्यालयों में जनजातीय भाषा में पद का सृजन नहीं किया गया है। इस प्रकार प्रारम्भिक एवं माध्यमिक से +2 विद्यालय स्तर तक के विद्यालयों में जनजातीय/क्षेत्रीय भाषाओं की पढ़ाई हेतु समुचित व्यवस्था करने का प्रयास किया गया है। |
| 3 | यदि उपर्युक्त खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार राज्य के क्षेत्रीय भाषाओं की पढ़ाई प्रारंभिक कक्षा से विश्वविद्यालय स्तर पर नियमित रूप से शुरू कराना चाहती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों ? | इस खण्ड का उत्तर खण्ड–2 में सन्निहित है। |

05.09.21

सरकार के अवर सचिव।

## झारखण्ड सरकार
### स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

ज्ञापांक–10/वि.स.01–115/2021 1645 राँची, दिनांक 05/09/2021

प्रतिलिपि:– उप सचिव, झारखण्ड विधानसभा सचिवालय, राँची को अतिरिक्त प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

05.9.21

सरकार के उप सचिव।

(40)

**श्रीमती सीता सोरेन, मा0स0वि0स0 द्वारा दिनांक-07.09.2021 को पूछा जानेवाला अल्पसूचित प्रश्न संख्या-अ०सू०-02 से संबन्धित उत्तर:-**

| क्र0 | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 1. | क्या यह बात सही है कि सरकार कैबिनेट की बैठक में ISSC की प्रतियोगिता परीक्षाओं में क्षेत्रीय भाषा का ज्ञान होना अभ्यर्थियों के लिए जरूरी कर दिया गया है ; | स्वीकारात्मक। |
| 2. | क्या यह बात सही है कि राज्य के क्षेत्रीय भाषाओं की पढ़ाई प्रारंभिक कक्षा से लेकर विश्वविद्यालय तक नियमित रूप से नहीं होती है; | आंशिक स्वीकारात्मक।<br>राँची विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा के कुल 165 पद स्वीकृत के विरूद्ध 32 शिक्षक एवं घंटी आधारित 120 शिक्षक कार्यरत हैं।<br>कोल्हान विश्वविद्यालय में क्षेत्रीय भाषा के स्वीकृत पद 08 के विरूद्ध 03 शिक्षक कार्यरत हैं। इस विश्वविद्यालय में 05 क्षेत्रीय भाषाओं के कुल 159 पदों के सृजन की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।<br>विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग अन्तर्गत 06 माह का सर्टिफिकेट कोर्स की पढ़ाई होती है। इस महाविद्यालय में 07 क्षेत्रीय जनजातीय भाषा के 49 शिक्षकों के पदों के सृजन की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।<br>सिदो-कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका में क्षेत्रीय भाषा के 18 स्वीकृत पद के विरूद्ध 06 घंटी आधारित शिक्षक कार्यरत हैं। इस विश्वविद्यालय में 03 क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषा के 35 पदों के सृजन की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।<br>डॉ० श्यामा प्रसाद मुकर्जी विश्वविद्यालय, राँची में क्षेत्रीय भाषा के 20 स्वीकृत पद के विरूद्ध 05 शिक्षक कार्यरत हैं। इस विश्वविद्यालय में पदों के सृजन की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।<br>नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय में क्षेत्रीय भाषा के 08 स्वीकृत पद के विरूद्ध 02 शिक्षक कार्यरत हैं। विभाग के द्वारा विश्वविद्यालय से पदों का सृजन का प्रस्ताव की मांग की गयी है।<br>विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद में 6 महीने का खोरठा, कुरमाली एवं संथाली विषय की पढ़ाई होती है। इस विश्वविद्यालय में 24 शिक्षकों के पदों के सृजन की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। |
| 3. | यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार राज्य के क्षेत्रीय भाषाओं की पढ़ाई प्रारंभिक कक्षा से विश्वविद्यालय स्तर पर नियमित रूप से शुरू कराना चाहती है यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ? | उत्तर कंडिका-2 में निहित है। |

**झारखंड सरकार**
**उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग**
**(उच्च शिक्षा निदेशालय)**

ज्ञापांक- 01/वि०स०-04/2021 1229 / रांची, दिनांक- 05/09/2021

प्रतिलिपि:- अवर सचिव, झारखंड विधान सभा को उनके पत्रांक-1788 दिनांक-26.08.2021 के प्रसंग में 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

05/9/21
(सुरेश चौधरी)
सरकार के अवर सचिव।

(41)

श्री प्रदीप यादव, माननीय सदस्य, झारखण्ड विधान सभा से प्राप्त अल्प–सूचित प्रश्न संख्या– अ0सू0– 11 का उत्तर प्रतिवेदन।

| क्र0 | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 1. | क्या यह बात सही है कि वर्ष–2018–19 में रिम्स प्रबंधन ने पीजी डिप्लोमा में नेशनल मेडिकल कमीशन द्वारा निर्धारित सीमा से कम अंक प्राप्त छात्रों का नामांकन किया गया है ; | वर्ष 2018–19 में पी0जी0 डिप्लोमा कोर्स में एम0सी0आई0 द्वारा निर्धारित न्यूनतम अर्हतांक से कम अंक प्राप्त होने वाले दो छात्रों का नामांकन रिम्स, राँची के अन्तर्गत होने के मामला संज्ञान में आया था, जिसमें से एक छात्र का मामला सही पाया गया।<br>उल्लेखनीय है कि पीजी0 पाठयक्रम में राज्य कोटा के सीटो पर नामांकन हेतु झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता पर्षद द्वारा साक्षात्कार का आयोजन किया जाता है तत्पश्चात् पर्षद द्वारा अनुशंसित अभ्यर्थियों का नामांकन संबंधित चिकित्सा महाविद्यालय में किया जाता है। |
| 2. | क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभाग के संज्ञान में रहते हुए भी अबतक दोषियों के विरूद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गयी है ; | वर्ष 2018–19 में एम0सी0आई0 द्वारा निर्धारित न्यूनतम अर्हतांक से कम अंक प्राप्त करने वाले नामांकित अभ्यर्थियों के संबंध में निदेशक, रिम्स, राँची तथा परीक्षा नियंत्रक, झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद से संबंधित पदाधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई किये जाने हेतु नाम चिन्हित कर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया, ताकि उनके विरूद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जा सके। निदेशक, रिम्स, राँची से प्रतिवेदन अप्राप्त रहने की स्थिति में स्मारित किया गया है। |
| 3. | यदि उपर्युक्त खण्डो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार 30 दिनों के समय सीमा के अन्दर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई करना चाहती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ? | रिम्स, राँची में वर्ष 2018–19 में पी0जी0 डिप्लोमा पाठयक्रम में एम0सी0आई0 द्वारा निर्धारित न्यूनतम अर्हतांक से कम अंक प्राप्त करने वाले छात्र के नामांकन के संबंध में दोषियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। |

झारखंड सरकार
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

ज्ञाप सं0 : 9/विधायी–06–17/2021 413(3) राँची, दिनांक– 4/9/21

प्रतिलिपि : उप सचिव, झारखण्ड विधान सभा, झारखण्ड, राँची को उनके ज्ञाप संख्या प्र0– 1908 दिनांक– 30-08-2021 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

4.9.21

सरकार के अवर सचिव

Pradeep

(42)

*श्री राज सिन्हा, स०वि०स० द्वारा विधान सभा अधिवेशन में दिनांक–07.09.2021 को पृच्छित अल्प–सूचित प्रश्न संख्या –अ०सू०–03 का उत्तर–*

| प्रश्नकर्ता | उत्तर दाता |
|---|---|
| श्री राज सिन्हा, सदस्य विधान सभा | *श्री हफीजुल हसन, माननीय मंत्री पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची।* |

| क्र० | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 1 | क्या यह बात सही है, कि राज्य के सभी जिलों में आवासीय और डे–बोर्डिंग सेंटर संचालित है, परन्तु उनमें समुचित संख्या में खेल प्रशिक्षक प्रतिनियुक्त नहीं है; | **अस्वीकारात्मक।** सभी संचालित आवासीय एवं डे–बोर्डिंग प्रशिक्षण केन्द्रों में संविदा/मानदेय पर प्रशिक्षक कार्यरत है। |
| 2 | क्या यह बात सही है, कि आवासीय खेल प्रशिक्षण केन्द्र में कुल 18 खेल प्रशिक्षक ही कार्यरत है, जिसके कारण खेल प्रशिक्षुओं (नन्हें खिलाड़ियों) के खेल प्रशिक्षण और अन्य कार्यक्रमों पर असर पड़ रहा है; | **अस्वीकारात्मक।** खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय अंतर्गत कुल 33 आवासीय प्रशिक्षण केन्द्र संचालित है। इनमें से 18 प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षक की नियुक्ति संविदा पर की गई है, जबकि शेष क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रों में मानदेय के आधार पर प्रशिक्षक रखे गए है। |
| 3 | क्या यह बात सही है कि आवासीय खेल प्रशिक्षण केन्द्र और डे–बोर्डिंग सेन्टर के खेल प्रशिक्षकों से अनुबंध के आधार पर ही पिछले 10 सालों से सेवाएँ ली जा रही है और उन्हें नियत मानदेय के अलावा कोई अन्य सुविधा नहीं दी जाती है; | **आंशिक स्वीकारात्मक।** सभी आवासीय एवं डे–बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रों के प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण कार्य के आलोक में प्रतिमाह संविदा राशि/नियत मानदेय का भुगतान किया जाता है।<br>इसके अतिरिक्त खिलाड़ी कल्याण कोष अंतर्गत आवश्यकता पड़ने पर प्रशिक्षकों को चिकित्सीय ईलाज एवं मृत्यु की स्थिति में परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। |
| 4 | यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार आवासीय खेल प्रशिक्षण और डे–बोर्डिंग सेंटरों के खेल प्रशिक्षकों की सेवा नियमित करने एवं अन्य सुविधाऐं मुहैया कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों ? | आवासीय एवं डे–बोर्डिंग के प्रशिक्षकों की मूल नियुक्ति संविदा एवं मानदेय के आधार पर ही की गई है।<br>संविदा एवं मानदेय आधारित कर्मियों की सेवा नियमतिकरण नीतिगत मामला है जिस पर सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्धारित निदेश एवं नियम के आलोक में ही समुचित कार्रवाई की जा सकती है। |

झारखण्ड सरकार
पर्यटन, कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग

ज्ञापांक : पर्य०/वि०स०–97/2021-1282 राँची, दिनांक 04.09.2021

प्रतिलिपि: उप सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय, झारखण्ड, राँची को उनके ज्ञाप सं०–1783/वि०स०, दिनांक–26.08.2021 के प्रसंग में 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

4/9/2021

सरकार के संयुक्त सचिव
पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग
झारखण्ड, राँची।

पंचम झारखण्ड विधान सभा का षष्टम (मानसून) सत्र में दिनांक 07.09.2021 को श्री नलिन सोरेन, माननीय स0वि0स0 द्वारा पूछा जाने वाला अल्प–सूचित प्रश्न सं0 अ0सू0–19 का उत्तर प्रतिवेदन। (43)

(43)

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 5. क्या यह बात सही है कि राज्य के सरकारी पोलिटेकनिक संस्थानों में अनुसूचित जनजाति के 16 (सोलह) व्याख्याता कार्यरत हैं, | – आंशिक स्वीकारात्मक<br>वस्तुतः वर्तमान में राज्य के सरकारी पोलिटेनिक संस्थानों में अनुसूचित जनजाति के 15 (पंद्रह) व्याख्याता कार्यरत हैं। |
| 6. क्या यह बात सही है कि विभागीय अधिसूचना संख्या 2535 दिनांक 16.10.2015 के कंडिका संख्या 12 के अनुसार अनुसूचित जनजाति के व्याख्याताओं को प्रोन्नति में आरक्षण देय है; | – आंशिक स्वीकारात्मक<br>विभागीय अधिसूचना सं0 2535 दिनांक 16.10.2015 के कंडिका 12 में प्रावधानित है कि– "झारखण्ड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य वर्गों के लिए) अधिनियम, 2001 के उपबंध के अनुसार अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी के पक्ष में सीधी भर्ती एवं प्रोन्नति में आरक्षण का लाभ दिया जाएगा। संवर्गीय एकल पद में आरक्षण व्यवस्था लागू नहीं होगी।"<br>व्याख्याता का पद केवल राजकीय पोलिटेकनिक संस्थानों में सृजित है। इसके अतिरिक्त राजकीय पोलिटेकनिक संस्थानों में विभागाध्यक्ष एवं प्राचार्य का पद है। उक्त सभी पदों पर झारखण्ड लोक सेवा आयोग की अनुशंसा पर सीधी नियुक्ति होती है। व्याख्याता से विभागाध्यक्ष/प्राचार्य में प्रोन्नति का प्रावधान नहीं है।<br>उक्त पद पर कार्यरत व्याख्याताओं को मात्र वित्तीय उन्नयन का लाभ तकनीकी शिक्षा सेवा नियमावली के खण्ड IV (कंडिका 11) में AICTE द्वारा अनुशंसित CAS के तहत दिया जाता है। AICTE द्वारा अनुशंसित Career Advancement Scheme (CAS) के तहत आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है, वरन् जो भी व्याख्याता निर्धारित योग्यता एवं अनुभव/प्रशिक्षण धारित करते है, उन सभी को लाभ दिया जाता है। उक्त प्रोन्नति के उपरान्त व्याख्याता के मूल धारित पद में कोई परिवर्तन नहीं होता है। |
| 7. क्या यह बात सही है कि संकल्प संख्या–918 दिनांक 01.02.2021 द्वारा अनुसूचित जनजाति के सदस्यों को 26% प्रोन्नति में आरक्षण दिया गया है; | – स्वीकारात्मक |
| 8. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार राज्य के सरकारी पोलिटेकनिक संस्थानों में कार्यरत अनुसूचित जनजाति के व्याख्याताओं की 26% आरक्षण के तहत प्रोन्नति देने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ? | – कंडिका 2 के आलोक में प्रश्न नहीं उठता है। |

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग
नेपालहाऊस, डोरण्डा, राँची

ज्ञापांक– HTESDsec1/VIDHAN SABHA -5/2021- – 863 /राँची, दिनांक– 04.09.2021

प्रतिलिपि :–अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय को उनके ज्ञापांक 1964 दिनांक 31.08.2021 के आलोक में 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

4/9/2021

(सरकार के अवर सचिव)

(44)

श्री सुदिव्य कुमार, माननीय स0वि0स0 द्वारा दिनांक–07.09.2021 को पूछे जानेवाले अल्पसूचित प्रश्न संख्या–अ0सू0–07 की उत्तर सामग्रीः–

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 1– क्या यह बात सही है कि गिरिडीह सदर प्रखण्ड के पूर्वांचल क्षेत्र में औद्योगिक प्रतिष्ठानों द्वारा बड़े पैमाने पर जहरीली गैसों का उत्सर्जन किया जा रहा है, | अस्वीकारात्मक।<br>गिरीडीह सदर प्रखण्ड के पूर्वांचल क्षेत्र में कुछ कारखाने हैं यथा स्पौंज आयरन, पीग आयरन, इण्डक्शन फर्नेस, रोलिंग मील एवं राईस मील स्थापित है। विभिन्न गैसों का उत्सर्जन स्वभाविक है। |
| 2– क्या यह बात सही है कि जहरीली गैस के कारण इस क्षेत्र में श्वास रोग से संबंधित एवं अन्य तरह की बीमारी हो रही है, जिसके कारण बच्चे अपंग एवं अस्वस्थ्य पैदा ले रहे है एवं जल, वायु एवं मृदा प्रदूषित होने के कारण वहाँ के जनमानस पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, | अस्वीकारात्मक।<br>उद्योगों से बीमारी या कोई अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्या की विशिष्ट सूचना इस कार्यालय को नहीं है।<br>स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि गिरिडीह जिला अंर्तगत औद्योगिक प्रतिष्ठानों के द्वारा बड़े पैमाने पर जहरीली गैस के उत्सर्जन के कारण उत्पन्न होने वाली बीमारियाँ:–<br>1. वायु प्रदूषण– इसके तहत् Upper Respiratory Tract infection, Asthama silicosis etc बीमारियों की संख्या बढ़ी है, जिसका समय समय पर कैम्प लगाकर स्क्रीनिंग कराया जाता है एवं समुचित इलाज दिया जाता है<br>2. जल एवं वायु प्रदूषण के कारण संभवतः इस क्षेत्र के बच्चों में अपंगता एवं अस्वस्थता की स्थिति पायी जा रही है। जिसकी पुष्टि हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा रिजनल ऑफिसर प्रदूषण विभाग के साथ समंवय स्थापित करते हुए मृदा एवं जल की जाँच हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।<br>विभागीय पत्रांक–2517 दिनांक–01.09.2021 पत्रांक–2550 दिनांक–03.09.2021 द्वारा कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)/निदेशक, उद्योग, झारखण्ड से प्रतिवेदन की मांग की गयी है। |
| 3– यदि उक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जहरीली गैसों के उत्सर्जन को रोकने हेतु सघन वृक्षारोपण एवं पर्यावरण को शुद्ध करने हेतु अन्य ठोस कदम उठाकर जनमानस को राहत दिलाना चाहती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों? | उपर्युक्त खण्डों में स्थिति स्पष्ट कर दी गयी है। |

झारखण्ड सरकार
वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

ज्ञापांक–05/विधानसभा अल्पसूचित प्रश्न–116/2021–2575 व0प0, राँची, दिनांक– 06.09.2021

प्रतिलिपि–उप सचिव, झारखण्ड विधानसभा, राँची को उनके ज्ञाप संख्या–1791 दिनांक–26.08.2021 के प्रसंग में अतिरिक्त 200 प्रतियों के साथ/उप सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी (संसदीय कार्य) विभाग, झारखण्ड, रांची/माननीय मुख्यमंत्री के आप्त सचिव, झारखण्ड सरकार/उप सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय, झारखण्ड, रांची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

6-9-21

(संतोष कुमार चौबे)
सरकार के अवर सचिव

(415)

पंचम झारखण्ड विधान सभा का षष्टम (मानसून) सत्र में दिनांक 07.09.2021 को श्री दुलू महतो माननीय स0वि0स0 द्वारा पूछा जाने वाला अल्प–सूचित प्रश्न सं0 अ0सू0–22 का उत्तर प्रतिवेदन।

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 1. क्या यह बात सही है कि झारखण्ड राज्य में एक मात्र अभियंत्रण कॉलेज बी0आई0टी0 सिन्दरी है, जो राज्य गठन के उपरान्त झारखण्ड को मिला और बिहार को 3 सरकारी अभियंत्रण कॉलेज मिला और 20 वर्षो के बाद झारखण्ड में एक मात्र बी0आई0टी0 सिन्दरी ही रहा जबकि बिहार राज्य में 20 वर्षों के बाद 3 के जगह 38 सरकारी अभियंत्रण कॉलेज मौजूद है। | – स्वीकारात्मक। |
| 2. क्या यह बात सही है कि बी0आई0टी0 सिन्दरी मे राज्य के गरीब गुरबा के बच्चे उच्च तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं और इस संस्थान की अपनी एक गरिमा है परन्तु संस्थान के निदेशक की नियुक्ति 2020 के बाद अभी तक नहीं की गई है; | – अस्वीकारात्मक। झारखण्ड लोक सेवा आयोग की अनुशंसा के आलोक में बी0आई0टी0 सिन्दरी में निदेशक के पद पर श्री धर्मेन्द्र कुमार सिंह, की नियमित नियुक्ति विभागीय अधिसूचना सं0–39 दिनांक 09.01.2017 द्वारा की जा चुकी है। |
| 3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बी0आई0टी0 सिन्दरी में नये निदेशक की नियुक्ति एवं अपने अधीन ही पूर्व की संस्थान को संपोषित करना चाहती है, यदि हाँ तो कब तक, नही तो क्यों ? | – उक्त के आलोक में प्रश्न नहीं उठता है। |

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग
नेपालहाऊस, डोरण्डा, राँची

ज्ञापांक– HTESDsec1/VIDHAN SABHA-3/2021- – 864 /राँची, दिनांक– 04.09.2021

प्रतिलिपि :–अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय को उनके ज्ञापांक 1966 दिनांक 31.08.2021 के आलोक में 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(सरकार के अवर सचिव)

(46)

श्री सरयू राय, माननीय स०वि०स० द्वारा दिनांक–07.09.2021 को पूछा जानेवाला अल्प सूचित प्रश्न संख्या–16

क्या मंत्री,
उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :– मंत्री–

| क्र० | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 1. | क्या यह बात सही है कि जमशेदपुर स्थित इंडियन केबुल इंडस्ट्री (इंकैब) नीलामी की कगार पर है और श्रमिकों का बकाया भुगतान नहीं हुआ है, | स्वीकारात्मक। |
| 2. | क्या यह बात सही है कि इंकैब की जमशेदपुर फैक्ट्री की जमीन का मूल मालिक झारखण्ड सरकार है और इसे टाटा स्टील लि० को पट्टा पर दिया गया है, | स्वीकारात्मक। |
| 3. | क्या यह बात सही है कि रूग्ण इंकैब, जमशेदपुर के प्रबंधन में कई बार परिवर्तन होने की अवधि में प्रबंधकों की मिलीभगत से फैक्ट्री की कीमती मशीनें एवं अन्य उपकरण चोरी हो गयी है, जिसपर इंकैब श्रमिक संगठन द्वारा गोलमुरी थाना में प्राथमिकी दर्ज करने के बावजूद पुलिस प्रशासन ने विधि सम्मत कारवाई नहीं किया है, | आंशिक रुप से स्वीकारात्मक।<br>रूग्ण इंकैब, जमशेदपुर के प्रबंधन में कई बार परिवर्तन होने की अवधि में प्रबंधकों की मिलीभगत से फैक्ट्री की कीमती मशीन एवं अन्य उपकरण चोरी होने से संबंधित प्राथमिकी इंकैब श्रमिक संगठन द्वारा गोलमुरी थाना में दर्ज नहीं करायी गयी है।<br>बल्कि उपरोक्त आवेदन को गोलमुरी थाना सनहा संख्या–19/20, दिनांक–14.10.2020 के रूप में दर्ज किया गया है, जो विधि सम्मत है। |
| 4. | यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार इंकैब को पुनर्जीवित करने अथवा इस स्थान पर अन्य उद्योग लगाने, प्रबंधकों पर गोलमुरी थाना में दर्ज चोरी कराने के षडयंत्र की प्राथमिकी का अनुसंधान करने तथा इंकैब श्रमिकों का बकाया भुगतान सुनिश्चित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों ? | सरकार द्वारा इंकैब के प्रबंधकों पर गोलमुरी थाना में चोरी कराने के षडयंत्र की प्राथमिकी का अनुसंधान करने के संबंध में कंडिका 3 में स्थिति स्पष्ट कर दी गयी है।<br>झारखण्ड औद्योगिक नीति 2021 कि कंडिका 5 के तहत पुनर्जीवित करने के लिए प्रस्ताव प्राप्त होने पर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। किन्तु यह भी उल्लेखनीय है कि इंकैब एक निजी कम्पनी है एवं दिनांक–16.06.2021 को NCLT Kolkata द्वारा पारित न्यायादेश के आलोक में पंकज कुमार टिबरेवाल को Resolution Professional बहाल किया गया है, जो Corporate Debtor के मामले में उचित कार्रवाई कर मजदूरों के बकाया भुगतान या दावा आदि के संबंध में NCLT Kolkata को प्रतिवेदन जमा करेंगे, तदनुसार NCLT Kolkata द्वारा आदेश पारित किया जायेगा। |

झारखण्ड सरकार
उद्योग विभाग

ज्ञापांक–01/विधानसभा–03–44/2021 868 राँची, दिनांक– 05/09/2021

प्रतिलिपि:–उप सचिव, झारखण्ड विधानसभा सचिवालय, राँची को उनके ज्ञापांक–1904 दिनांक–30.08.2021 के प्रसंग में सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

05/9/21
(नीरज कुमार सिंह)
सरकार के अवर सचिव

श्री दशरथ गागराई, माननीय स०वि०स० द्वारा दिनांक–07.09.2021 को सदन में पूछा जाने वाला अल्पसूचित प्रश्न संख्या–अ०सू०–28 का उत्तर प्रतिवेदन।

| क्रमांक | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 1 | क्या यह बात सही है, कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड में Human Resource Policy नहीं है; | स्वीकारात्मक। |
| 2 | क्या यह बात सही है, कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड में Human Resource Policy नहीं के कारण राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में हुई नियुक्तियों में 90% राज्य के बाहरी लोगों की नियुक्ति हुई है; | अस्वीकारात्मक।<br>राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड अन्तर्गत की जाने वाली नियुक्तियों में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा निर्गत निदेशों का पालन किया जाता है। |
| 3 | क्या यह बात सही है, कि वर्ष 2022 तक भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत कार्यरत सभी पदाधिकारियों/कर्मचारियों के वेतन का भुगतान वेतनमान एवं ग्रेड पे के आधार पर किया जाना है; | अस्वीकारात्मक।<br>इस संबंध में भारत सरकार से कोई दिशा–निदेश प्राप्त नहीं है। |
| 4 | यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वर्त्तमान वित्तीय वर्ष में ही Human Resource Policy और कर्मियों को वेतनमान एवं ग्रेड–पे लागू करने का विचार–रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों? | राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड द्वारा Human Resource Policy का प्रारूप तैयार कर तकनीकी मंतव्य हेतु भारत सरकार की अनुषंगिक इकाई NHSRC, नई दिल्ली को भेजा गया है। उक्त के क्रम में HR Division, नई दिल्ली से निदेश प्राप्त हुआ कि उनके द्वारा एक Uniform HR Policy बनाया जा रहा है, जिसे जल्द ही राज्यों को उपलब्ध करा दिया जायेगा। इसे राज्य अपनी आवश्यकता के अनुसार सुधार करते हुए लागू कर सकता है। |

झारखण्ड सरकार
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग,

ज्ञापांक–21/विधान सभा–06–16/2021– 64 (217) स्वा/राँची, दिनांक 06-9-2021
प्रतिलिपिः–उप सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय, राँची को उनके ज्ञाप संख्या–1997/वि०स० दिनांक–02.09.2021 के प्रसंग में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

9.2021
सरकार के उप सचिव।

डॉ० लम्बोदर महतो, मा०स०वि०स० से प्राप्त अल्प सूचित प्रश्न संख्या–अ०सू०–23

क्या माननीय मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

| क्रमांक | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 1 | क्या यह बात सही है कि वर्ष 2017 में संयुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक चयन हेतु परीक्षा ली गई थी और वर्ष–2019 में परिणाम के पश्चात् चयन प्रक्रिया शुरू की गई थी; | उत्तर स्वीकारात्मक है। |
| 2 | क्या यह बात सही है कि विभागीय पत्रांक–5974 दिनांक 23.11.2020 के तहत् झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन संख्या–21/2016 के क्रम में गैर अनुसूचित जिलों से नियुक्ति करने का निर्णय लिया गया था; | उत्तर आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है। वस्तुतः कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग के पत्रांक 5974 दिनांक 23.11.2020 द्वारा झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन संख्या 21/2016 के क्रम में गैर अनुसूचित जिलों में नियुक्ति करने का निर्णय लिया गया था। |
| 3. | यदि उपर्युक्त खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार विज्ञापन संख्या–21/2016 के आधार पर गैर अनुसूचित जिलों में इतिहास एवं अन्य लंबित विषयों के सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों? | कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग, झारखण्ड के पत्रांक 1044 दिनांक 18.02.2021 द्वारा झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, रांची के विज्ञापन संख्या 21/2016 के क्रम में गैर अनुसूचित जिलों की नियुक्ति पर तत्काल रोक है। अतएव रोक हटने के उपरान्त नियमानुसार कार्रवाई की जा सकेगी। |

05.09.21

सरकार के अवर सचिव।

## झारखण्ड सरकार
### स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

ज्ञापांक–10/वि.स.01–121/2021 1639 रांची, दिनांक 05/09/2021

प्रतिलिपि:– उप सचिव, झारखण्ड विधानसभा सचिवालय, रांची को अतिरिक्त प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

05.09.21

सरकार के अवर सचिव।

(50)

झारखण्ड सरकार
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग
(प्राथमिक शिक्षा निदेशालय)

डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता, मा.स.वि.स. से प्राप्त अल्प.सूचित प्रश्न संख्या अ.सू.-18

| क्रमांक | प्रश्न<br>क्या मंत्री स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- | उत्तर<br>श्री जगरनाथ महतो, माननीय मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार |
|---|---|---|
| 1 | क्या यह बात सही है कि 16 हजार बच्चों पर किए गए एक अध्ययन से यह ज्ञात हुआ है कि कोविड-19 महामारी संक्रमण काल में करीब दो वर्षों से कुल बंद रहने के कारण 90 प्रतिशत बच्चों के शिक्षण स्तर में उनके व्यवहारिक एवं भाषा कौशल तथा गणित कौशल में भारी गिरावट आने के कारण शैक्षणिक अपातकाल जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है ; | आंशिक स्वीकारात्मक।<br>विभाग के स्तर से विगत वर्ष माह अप्रैल, 2020 से विभिन्न माध्यमों यथा-व्हाट्सप्प समूह, झारखण्ड डीजी स्कूल एप तथा दूरदर्शन एवं रेडियो के माध्यम से विषयवार एवं कक्षावार सामग्री ऑनलाईन शिक्षा के तहत् प्रेषित की जा रही है। उपरोक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य के लगभग 35 प्रतिशत विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे है। |
| 2 | क्या यह बात सही है कि शिक्षण कार्य से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े अधिकांशतः लोग बेरोजगार हो गए है तथा उनके समक्ष जीविका की चुनौती खड़ी हो गई है. | आंशिक स्वीकारात्मक।<br>विद्यालयों से जुड़े सभी शिक्षक (पारा शिक्षक सहित), अंशकालीन शिक्षक, घंटी आधारित शिक्षक, आई.सी.टी एवं व्यवसायिक शिक्षा से जुड़े अनुदेशक, कस्तूरबा एवं समर्थ आवासीय विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को नियमानुसार वेतन/मानदेय का भुगतान किया जा रहा है। |
| 3 | क्या यह बात सही है कि अभिभावकों द्वारा प्रत्येक बच्चे को डिजिटल शिक्षा माध्याम उपलब्ध ना करापाने की विवशता एवं दयनीय आर्थिक स्थिति के कारण ड्रॉपआउटर्स की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है, जिसके कारण बाल शिक्षा के अधिकार का हनन हुआ है ; | झारखण्ड राज्य का वार्षिक ड्रापऑउट दर-2019-20 एवं 2020-21 में निम्नवत् पाया गया है।<br><br>वर्ष \| 1-5 \| 6-8 \| 1-8 \| 9-10 \| 9-12<br>2019-20 \| 6.19 \| 8.75 \| 7.04 \| 11.97 \| 14.00<br>2020-21 \| 3.49 \| 5.51 \| 4.18 \| 6.68 \| 10.15 |
| 4 | यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार अन्य राज्यों के तर्ज पर कोविड संक्रमण से बचाव के नियमों का पालन कराकर उपस्थिति की बाध्याता को खत्म करते हुए पूर्ण रूप से विद्यालयों को खोलने का विचार रखती है, हो तो कब तक, नहीं तो क्यों? | आपदा प्रबंधन विभाग के आदेश संख्या 5275, दिनांक 01.08.2021 के आलोक में राज्य के सभी माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों का संचालन दिनांक 05.08.2021 से किया जा रहा है। |

6/3/2022

सरकार के अवर सचिव

Khushbu

झारखण्ड सरकार
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

ज्ञापांक 1774 /राँची, दिनांक 6 / 9 / 2021

प्रतिलिपि: अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय को उनके ज्ञापांक-1903, दिनांक 30.08.2021 के प्रसंग में वांछित प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

6/9/2021

सरकार के अवर सचिव

Khunthia